# DAILY CURRENT AFFAIRS

Result Mitra

## 15 APRIL 2025

THE HINDU

The Indian EXPRESS

Hindustan Times

दैनिक जागरण

जनसत्ता

**UPSC(IAS/PCS) AND ALL COMPITETIVE EXAM**

pib

THE HINDU

The Indian EXPRESS JOURNALISM OF COURAGE

ABHAY SIR

# Events in News

- विश्व कला दिवस 2025
- क्या है पंजाब नेशनल बैंक घोटाला
- राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी पर सुप्रीम कोर्ट
- मॉरीशस बना ISA के 'कंट्री पार्टनरशिप
- Map- Portugal,  Slovakia, Belgium

Result Mitra


WORLD
ART DAY
APRIL 15
विश्व कला दिवस 2025
Result Mitra

# विश्व कला दिवस 2025

Daily Current News

Result Mitra

प्रश्न 1: विश्व कला दिवस के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -

1. विश्व कला दिवस हर वर्ष 15 अप्रैल को मनाया जाता है।
2. इसकी स्थापना संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई थी।
3. यह महान कलाकार लियोनार्डो दा विंची की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A) केवल 1 और 3
B) केवल 2 और 3
C) केवल 1 और 2
D) 1, 2 और 3



# विश्व कला दिवस 2025

## Daily Current News

- हर साल 15 अप्रैल को विश्व कला दिवस (World Art Day) मनाया जाता है।
- **उद्देश्य :-** दुनिया भर में कला के महत्व को पहचानना और रचनात्मकता को बढ़ावा देना है।
- यह दिन प्रसिद्ध चित्रकार लियोनार्डो द विंची की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जो एक महान कलाकार ही नहीं बल्कि वैज्ञानिक, गणितज्ञ और आविष्कारक भी थे।



- **क्यों मनाया जाता है विश्व कला दिवस?**
- कला केवल पेंटिंग या मूर्ति बनाने का नाम नहीं है, बल्कि यह सोचने का तरीका, भावनाओं की अभिव्यक्ति, और समाज को जोड़ने वाला माध्यम भी है।
- कला हमारी संस्कृति, परंपराओं और विचारों को सुंदर ढंग से प्रस्तुत करती है।



# विश्व कला दिवस 2025

Daily Current News

Result Mitra

- **विश्व कला दिवस का इतिहास :-**
- पहली बार यह दिन 2012 में मनाया गया।
- इसकी शुरुआत International Association of Art (IAA) ने की थी।
- इस संगठन ने UNESCO के सहयोग से यह तय किया कि 15 अप्रैल को विश्व कला दिवस मनाया जाए।
- यह तारीख इसलिए चुनी गई क्योंकि लियोनार्डो द विंची का जन्म इसी दिन 1452 में हुआ था।
- विंची को एक बहुप्रतिभाशाली कलाकार माना जाता है, जिनकी रचनात्मकता आज भी दुनिया को प्रेरणा देती है।

# विश्व कला दिवस 2025

DAILY NEWS Daily Current News

Result Mitra

- **विश्व कला दिवस 2025 की थीम**
- **2025 की थीम है:**
- "अभिव्यक्ति का उद्यान: कला के माध्यम से समुदाय का विकास करना"
- इस थीम का मकसद है कि कला के जरिए हम समाज में एकता, समझ और विकास को बढ़ावा दें। चाहे कोई भी भाषा, संस्कृति या देश हो — कला सबको जोड़ सकती है।



# विश्व कला दिवस 2025

Daily Current News

Result Mitra

- **विश्व कला दिवस का महत्व**
- यह दिन कलाकारों और कला प्रेमियों के लिए प्रेरणा का स्रोत होता है।
- कला के ज़रिए समाज में बदलाव लाया जा सकता है — जैसे कि पर्यावरण संरक्षण, शांति और शिक्षा को बढ़ावा देना।
- यह दिन स्थानीय कलाकारों को पहचान देने और उन्हें मंच देने का एक अच्छा अवसर होता है।
- स्कूल, कॉलेज, आर्ट गैलरी और सांस्कृतिक संस्थान इस दिन प्रदर्शनियाँ, कार्यशालाएँ, लाइव पेंटिंग, रंगोली, और कला प्रतियोगिताएँ आयोजित करते हैं।



# विश्व कला दिवस 2025

## Daily Current News

Result Mitra

प्रश्न 1: विश्व कला दिवस के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -

1. विश्व कला दिवस हर वर्ष 15 अप्रैल को मनाया जाता है।
2. इसकी स्थापना संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई थी।
3. यह महान कलाकार लियोनार्डो दा विंची की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

उपयुक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A) केवल 1 और 3
B) केवल 2 और 3
C) केवल 1 और 2
D) 1, 2 और 3



उत्तर: A) केवल 1 और 3
व्याख्या: विश्व कला दिवस 15 अप्रैल को मनाया जाता है और यह लियोनार्डो दा विंची की जयंती के उपलक्ष्य में है।
इसकी स्थापना International Association of Art (IAA) द्वारा की गई थी, न कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा।


punjab national bank
E-Stamping Facility
E AREA
स्वयं सेवा विस्तार
Result Mitra
નેશનલ બેંક
पंजाब नैशनल बैंक
punjab national bank
शाखा : अम्बावाडी
Branch: Ambawadi
NO ARMS PERMITTED INSIDE
क्या है पंजाब नेशनल बैंक घोटाला

प्रश्न 1: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. प्रत्यर्पण एक कानूनी प्रक्रिया है जिसके अंतर्गत एक देश, किसी अपराधी को दूसरे देश को सौंपता है।

2. भारत ने सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों के साथ प्रत्यर्पण संधियाँ की हैं।

3. प्रत्यर्पण केवल उन अपराधों के लिए किया जा सकता है जो दोनों देशों में दंडनीय हों।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A) केवल 1 और 2

B) केवल 1 और 3

C) केवल 2 और 3

D) 1, 2 और 3



# क्या है पंजाब नेशनल बैंक घोटाला



Result Mitra


- यह घोटाला 2018 में सामने आया था और इसे भारत के सबसे बड़े बैंकिंग घोटालों में से एक माना जाता है।
- इसमें मुख्य आरोपी थे नीरव मोदी और उनके मामा मेहुल चोकसी।
- इन्होंने पंजाब नेशनल बैंक (PNB) से करीब 13,000 करोड़ रुपये का कर्ज बिना किसी गारंटी या वैध दस्तावेज़ों के ले लिया था।
- यह घोटाला फर्जी लेटर ऑफ अंडरटेकिंग (LoUs) के ज़रिए किया गया था।



- **मेहुल चोकसी कौन है?**
- मेहुल चोकसी एक हीरा कारोबारी है और गितांजलि जेम्स का मालिक है।
- वह घोटाले के सामने आने से पहले ही भारत से भागकर एंटीगुआ और बारबुडा की नागरिकता ले चुका था।
- भारत सरकार ने Interpol रेड कॉर्नर नोटिस जारी कर रखा है और उसे भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया गया है।



- **भारत लाने की कोशिशें और ताज़ा प्रतिक्रिया:**
- भारत सरकार लगातार मेहुल चोकसी को भारत वापस लाने (Extradition) की कोशिश कर रही है।
- एंटीगुआ में कानूनी प्रक्रिया, उसके नागरिक अधिकार और कुछ तकनीकी अड़चनों के चलते अब तक यह संभव नहीं हो सका।



## क्या है पंजाब नेशनल बैंक घोटाला

## Daily Current News

- हाल ही में भारत सरकार ने कोर्ट में फिर से ज़ोर दिया है कि चोकसी को लाया जाए ताकि उस पर भारतीय अदालत में मुकदमा चल सके।
- CBI और ED (प्रवर्तन निदेशालय) लगातार उसके खिलाफ सबूत और संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई कर रहे हैं।



## क्या है पंजाब नेशनल बैंक घोटाला

# Daily Current News

- **मेहुल चोकसी बेल्जियम में गिरफ्तार, भारत ने शुरू की प्रत्यर्पण प्रक्रिया**
- पंजाब नेशनल बैंक (PNB) लोन धोखाधड़ी मामले में मुख्य आरोपी और हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया है।
- आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, यह गिरफ्तारी 12 अप्रैल 2025 को भारत की जांच एजेंसियों द्वारा किए गए प्रत्यर्पण अनुरोध के आधार पर की गई है।
- फिलहाल चोकसी को स्थानीय जेल में रखा गया है।



- **बेल्जियम की पहली प्रतिक्रिया**
- बेल्जियम प्रशासन ने पुष्टि की है कि चोकसी को न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने तक हिरासत में रखा जाएगा।
- भारत ने तुरंत बेल्जियम के अधिकारियों से प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू कर दी है ताकि उसे भारत लाकर कानून के दायरे में लाया जा सके।



- **क्या है अगला कदम?**
- अब बेल्जियम की अदालत में प्रत्यर्पण प्रक्रिया की सुनवाई होगी। यदि अदालत भारत के पक्ष में फैसला देती है, तो मेहुल चोकसी को भारत लाया जाएगा और यहां की अदालतों में उस पर मुकदमा चलेगा।
- प्रत्यर्पण (Extradition) एक कानूनी प्रक्रिया है, जिसके तहत एक देश किसी अपराधी को दूसरे देश को सौंपता है, ताकि वहां उस पर मुकदमा चलाया जा सके या सज़ा दी जा सके।
- यह प्रक्रिया दो देशों के कानूनी समझौते या अंतरराष्ट्रीय सहयोग के आधार पर होती है।



- **प्रत्यर्पण के मुख्य नियम और प्रक्रिया दी गई है:**
- 1. प्रत्यर्पण संधि (Extradition Treaty)
- दो देशों के बीच अगर प्रत्यर्पण संधि होती है, तो वे एक-दूसरे को अपराधियों को सौंप सकते हैं।
- भारत ने अब तक लगभग 50 देशों के साथ प्रत्यर्पण संधियाँ की हैं।



- **2. प्रत्यर्पण योग्य अपराध (Extraditable Offence)**
- प्रत्यर्पण केवल गंभीर अपराधों (जैसे हत्या, धोखाधड़ी, आतंकवाद, आर्थिक अपराध आदि) के मामलों में किया जाता है।
- अपराध दोनों देशों में अपराध माना जाना चाहिए (Double Criminality Rule)।



- **3. राजनीतिक अपराधों में प्रत्यर्पण नहीं**
- अगर अपराध राजनीतिक प्रकृति का हो (जैसे सरकार के खिलाफ विरोध), तो अधिकतर देश प्रत्यर्पण नहीं करते।


- **4. निष्पक्ष न्याय की गारंटी**
- प्रत्यर्पण तभी होगा जब यह सुनिश्चित किया जाए कि आरोपी को न्यायपूर्ण सुनवाई, मानवाधिकार संरक्षण और अमानवीय व्यवहार से सुरक्षा मिलेगी।



- **5. प्रत्यर्पण की प्रक्रिया**
- 1. प्रत्यर्पण अनुरोध: जिस देश को आरोपी चाहिए, वह संबंधित देश को आधिकारिक रूप से अनुरोध भेजता है।
- 2. साक्ष्य की समीक्षा: आरोपी देश की अदालत यह जांचती है कि अपराध गंभीर है या नहीं।
- 3. अदालत का फैसला: अदालत अगर संतुष्ट होती है, तो प्रत्यर्पण की अनुमति देती है।
- 4. सरकारी मंजूरी: आख़िरी फैसला उस देश की सरकार या विदेश मंत्रालय लेता है।



- **6. भारत में प्रत्यर्पण से जुड़ा कानून**
- भारत में प्रत्यर्पण की प्रक्रिया "प्रत्यर्पण अधिनियम, 1962" (Extradition Act, 1962) के तहत होती है।



प्रश्न 1: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. प्रत्यर्पण एक कानूनी प्रक्रिया है जिसके अंतर्गत एक देश, किसी अपराधी को दूसरे देश को सौंपता है।

2. भारत ने सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों के साथ प्रत्यर्पण संधियाँ की हैं।

3. प्रत्यर्पण केवल उन अपराधों के लिए किया जा सकता है जो दोनों देशों में दंडनीय हों।

उपयुक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A) केवल 1 और 2

B) केवल 1 और 3

C) केवल 2 और 3

D) 1, 2 और 3



उत्तर: B) केवल 1 और 3
व्याख्या:
• कथन 1 सही है प्रत्यर्पण एक औपचारिक कानूनी प्रक्रिया है।
• कथन 2 गलत है भारत ने सभी UN सदस्य देशों के साथ प्रत्यर्पण संधियाँ नहीं की हैं।
• कथन 3 सही है यह dual criminality principle पर आधारित होता है (अर्थात अपराध दोनों देशों में अपराध होना चाहिए)।


Result Mitra
राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी पर सुप्रीम कोर्ट

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले को चुनौती

## Daily Current News

Result Mitra

प्रश्न 1: निम्नलिखित में से कौन-सा/से राष्ट्रपति और राज्यपाल की शक्तियों में साम्यता (similarity) दर्शाता/दर्शाते हैं?

1. दोनों को अध्यादेश (ordinance) जारी करने की शक्ति है।
2. दोनों के पास माफी (pardon) देने की शक्ति होती है, जिसमें मृत्यु दंड शामिल है।
3. दोनों कार्यपालिका का प्रमुख होते हैं केंद्र में राष्ट्रपति और राज्य में राज्यपाल।

सही विकल्प चुनिए:

A) केवल 1 और 3

B) केवल 2 और 3

C) केवल 1 और 2

D) 1, 2 और 3



# सुप्रीम कोर्ट के फैसले को चुनौती

## Daily Current News

Result Mitra

- **राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को चुनौती दे सकती है केंद्र सरकार**
- सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक अहम फैसला दिया है, जिसमें कहा गया कि राष्ट्रपति और राज्यपाल को राज्य विधानसभाओं द्वारा पास किए गए विधेयकों पर समय सीमा में निर्णय लेना होगा।
- इस फैसले के बाद अब केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट में इसके खिलाफ पुनर्विचार याचिका (Review Petition) दाखिल करने की तैयारी में है।



## क्या कहा था सुप्रीम कोर्ट ने?


- कोर्ट ने कहा था कि अगर कोई विधेयक राज्यपाल के जरिए राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेजा जाता है, तो राष्ट्रपति को उस पर तीन महीने के भीतर फैसला देना होगा।
- इसके अलावा, अगर राष्ट्रपति मंजूरी नहीं देते हैं, तो राज्य सरकारें सीधे सुप्रीम कोर्ट का दरवाज़ा खटखटा सकती हैं।
- कोर्ट ने यह भी माना कि विधेयकों को बिना समय-सीमा के लंबित रखना संवैधानिक प्रक्रिया के खिलाफ है।



## सुप्रीम कोर्ट के फैसले को चुनौती

## Daily Current News

- **केंद्र सरकार क्यों चिंतित है?**
- सरकार को लगता है कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से कार्यपालिका (Executive) के अधिकारों में हस्तक्षेप हो सकता है।
- सरकार यह मानती है कि राष्ट्रपति और राज्यपाल की भूमिका संवैधानिक विवेकाधिकार (constitutional discretion) से जुड़ी होती है, जिसे कोर्ट सीमित नहीं कर सकता।



# सुप्रीम कोर्ट के फैसले को चुनौती



- **क्या करेगी केंद्र सरकार?**
- सरकार इस फैसले के कई बिंदुओं की समीक्षा करना चाहती है।
- पुनर्विचार याचिका (Review Petition) उसी बेंच (जस्टिस जेबी पारदीवाल और जस्टिस आर महादेवन) के सामने दायर की जाएगी, जिसने 8 अप्रैल को यह फैसला दिया था।
- सूत्रों के मुताबिक, शीर्ष स्तर पर इस मुद्दे पर विचार-विमर्श चल रहा है और जल्द ही सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल हो सकती है।



# सुप्रीम कोर्ट के फैसले को चुनौती

## Daily Current News

- **इस फैसले के बाद क्या हुआ?**
- तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए 10 विधेयकों को अधिनियम (Act) के रूप में अधिसूचित कर दिया, जो पहले राज्यपाल की मंजूरी के इंतज़ार में थे।
- इससे यह साफ हुआ कि राज्य सरकारों ने इस फैसले को सकारात्मक रूप में लिया और लम्बित कानूनों को लागू करना शुरू कर दिया।



- **क्या होता है पुनर्विचार याचिका?**
- जब किसी पक्ष को लगता है कि सुप्रीम कोर्ट ने किसी मामले में कानून या तथ्य को सही तरह से नहीं समझा, तो वह 30 दिनों के अंदर पुनर्विचार याचिका दाखिल कर सकता है।
- ऐसी याचिका उसी बेंच के सामने रखी जाती है, जिसने मूल फैसला दिया हो।



प्रश्न 1: निम्नलिखित में से कौन-सा/से राष्ट्रपति और राज्यपाल की शक्तियों में साम्यता (similarity) दर्शाता/दर्शाते हैं?

1. दोनों को अध्यादेश (ordinance) जारी करने की शक्ति है।
2. दोनों के पास माफी (pardon) देने की शक्ति होती है, जिसमें मृत्यु दंड शामिल है।
3. दोनों कार्यपालिका का प्रमुख होते हैं केंद्र में राष्ट्रपति और राज्य में राज्यपाल।

सही विकल्प चुनिए:

A) केवल 1 और 3
B) केवल 2 और 3
C) केवल 1 और 2
D) 1, 2 और 3



Result Mitra

उत्तर: A) केवल 1 और 3

व्याख्या:

• दोनों को अध्यादेश जारी करने की शक्ति है (राष्ट्रपति अनुच्छेद 123, राज्यपाल - अनुच्छेद 213)1

• लेकिन मृत्यु दंड में क्षमा केवल राष्ट्रपति दे सकता है (अनुच्छेद 72)। राज्यपाल के पास ऐसी शक्ति नहीं है (अनुच्छेद 161)।

• दोनों कार्यपालिका प्रमुख होते हैं।


isa
INTERNATIONAL
SOLAR
ALLIANCE
Result Mitra
मॉरीशस बना ISA के 'कंट्री पार्टनरशिप

Result Mitra

## मॉरीशस बना ISA के 'कंट्री पार्टनरशिप

## Daily Current News

प्रश्न 1: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. इंटरनेशनल सोलर अलायंस (ISA) की शुरुआत भारत और फ्रांस द्वारा संयुक्त रूप से की गई थी।
2. ISA केवल उन देशों के लिए खुला है जो पूर्ण रूप से उष्णकटिबंधीय (tropical) क्षेत्र में स्थित हैं।
3. ISA का मुख्यालय भारत में स्थित है।

उपयुक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. सभी 1, 2 और 3



- मॉरीशस बना ISA के 'कंट्री पार्टनरशिप फ्रेमवर्क' पर हस्ताक्षर करने वाला पहला अफ्रीकी देश

- मॉरीशस ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) के 'कंट्री पार्टनरशिप फ्रेमवर्क (CPF)' पर हस्ताक्षर किए हैं।
- इसके साथ ही मॉरीशस यह कदम उठाने वाला पहला अफ्रीकी देश बन गया है।



- **CPF क्या है?**
- Country Partnership Framework (CPF), अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन की एक रणनीतिक पहल है जिसका उद्देश्य है:
- ISA और सदस्य देशों के बीच मध्यम और दीर्घकालिक सहयोग को मजबूती देना।
- साझा सौर ऊर्जा परियोजनाओं के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा को तेजी से अपनाना।
- स्थानीय जरूरतों और संसाधनों के अनुसार टेक्नोलॉजी, फंडिंग और विशेषज्ञता साझा करना।



- **अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA): एक परिचय**
- **स्थापना:**
- ISA की स्थापना भारत और फ्रांस ने COP-21 (2015, पेरिस) में मिलकर की थी।
- मुख्यालय:
- गुरुग्राम (हरियाणा), भारत
- **सदस्य देश:**
- 104 देश अब तक ISA समझौते पर हस्ताक्षर कर चुके हैं (मार्च 2025 तक)
- संशोधन (2020) के बाद अब संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देश ISA में शामिल हो सकते हैं।



- **ISA का उद्देश्य और रणनीति**
- ISA का मिशन ‘Towards 1000’ रणनीति से संचालित होता है, जिसका मकसद है:
- 1. 2030 तक 1,000 अरब डॉलर का निवेश सौर ऊर्जा समाधानों में आकर्षित करना
- 2. 1,000 मिलियन लोगों को स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराना
- 3. 1,000 गीगावाट (GW) सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित करना
- 4. हर साल 1,000 मिलियन टन $CO_2$ उत्सर्जन को कम करना

मॉरीशस बना ISA के 'कंट्री पार्टनरशिप

Daily Current News

Result Mitra

- **ISA की प्रमुख पहलें**
- **1. SolarX Start-up Challenge**
- नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप्स और युवाओं को अनुदान और मार्गदर्शन दिया जाता है।
- **2. STAR-C पहल**
- सदस्य देशों में संस्थागत और तकनीकी क्षमताओं को विकसित करती है।



- **3. Global Solar Facility**
- यह वित्तीय गारंटी देने वाली व्यवस्था है जिससे निजी निवेशकों को प्रोत्साहन मिलता है।
- **4. Green Hydrogen Innovation Centre**
- यह सौर ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन के उपयोग में तालमेल पर काम करता है।



## ISA में भारत की भूमिका


- भारत ISA का सह-संस्थापक है।
- भारत ने 'वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड (OSOWOG)' पहल की शुरुआत की है जो वैश्विक स्तर पर सौर ऊर्जा को जोड़ने का प्रयास है।
- भारत ISA के अफ्रीकी और एशियाई देशों में सौर परियोजनाओं का वित्तपोषण करता है, तकनीकी सहायता देता है, और स्थानीय लोगों को प्रशिक्षण भी देता है।
- भारत हर साल 100 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता ISA को देता है।



- **अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन क्यों है महत्वपूर्ण?**
- जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए सौर ऊर्जा सबसे सुलभ, टिकाऊ और स्वच्छ उपाय है।
- ISA जैसे संगठन वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देकर गरीब और विकासशील देशों को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने में मदद करते हैं।
- यह पहल 2030 तक सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) को हासिल करने की दिशा में भी अहम भूमिका निभाती है।



- **OSOWOG: एक नजर में**
- **नाम का अर्थ:**
- One Sun – एक ही सूरज सबके लिए
- One World – पूरी दुनिया एक साथ
- One Grid – एक साझा बिजली ग्रिड



# मॉरीशस बना ISA के 'कंट्री पार्टनरशिप



Result Mitra

- **OSOWOG का उद्देश्य**
- दुनियाभर में सौर ऊर्जा को साझा करना
- घंटों के अंतर का लाभ उठाकर जब एक क्षेत्र में सूरज नहीं होता, तो दूसरे क्षेत्र से बिजली भेजी जा सके
- हरित ऊर्जा (ग्रीन एनर्जी) की पहुंच को वैश्विक स्तर पर बढ़ाना
- कार्बन उत्सर्जन में कटौती और फॉसिल फ्यूल पर निर्भरता को कम करना



# मॉरीशस बना ISA के 'कंट्री पार्टनरशिप



- **OSOWOG के प्रमुख लक्ष्य**
- 1. वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाना
- 2. 24x7 सौर ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित करना
- 3. सौर ऊर्जा की कीमत घटाना
- 4. पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों की जगह स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना
- 5. इंटरकनेक्टेड ग्रिड नेटवर्क बनाना जो सभी महाद्वीपों को जोड़ सके



मॉरीशस बना ISA के 'कंट्री पार्टनरशिप

Daily Current News

Result Mitra

- **OSOWOG के तीन चरण**
- चरण 1: भारत और पड़ोसी देशों के बीच ग्रिड इंटरकनेक्शन
- चरण 2: अफ्रीका, मध्य पूर्व और दक्षिण एशिया को जोड़ना
- चरण 3: पूरी दुनिया को एक साझा सौर ग्रिड में लाना



मॉरीशस बना ISA के 'कंट्री पार्टनरशिप

Daily Current News

Result Mitra

- **OSOWOG की साझेदार संस्थाएँ**
- अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA)
- विश्व बैंक (World Bank)
- ग्लोबल एनर्जी नेटवर्क इंस्टीट्यूट (GENI)



- **OSOWOG के लाभ**

| लाभ | विवरण |
|---|---|
| ऊर्जा की बचत | जब भारत में सूरज नहीं होता, तब ऑस्ट्रेलिया या अफ्रीका की सौर बिजली ली जा सकती है |
| विकासशील देशों को मदद | उन्हें सस्ती और टिकाऊ बिजली मिल सकती है |
| वैश्विक सहयोग | देशों के बीच ऊर्जा साझेदारी को बढ़ावा |
| पर्यावरण सुरक्षा | जीवाश्म ईंधन की जगह सौर ऊर्जा का उपयोग |



- **OSOWOG क्यों है जरूरी?**
- दुनिया में अब भी 70 करोड़ से ज्यादा लोगों को बिजली नहीं मिलती।
- सौर ऊर्जा सस्ती, साफ और असीमित है, पर हर जगह सूरज नहीं चमकता।
- इस पहल से जहां सूरज चमक रहा हो, वहां की बिजली बाकी दुनिया को दी जा सकती है।



प्रश्न 1: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. इंटरनेशनल सोलर अलायंस (ISA) की शुरुआत भारत और फ्रांस द्वारा संयुक्त रूप से की गई थी।

2. ISA केवल उन देशों के लिए खुला है जो पूर्ण रूप से उष्णकटिबंधीय (tropical) क्षेत्र में स्थित हैं।

3. ISA का मुख्यालय भारत में स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1 और 3

C. केवल 2 और 3

D. सभी 1, 2 और 3



उत्तर: B. केवल 1 और 3
व्याख्या:
• कथन 1 सही है: ISA की घोषणा 2015 में पेरिस जलवायु सम्मेलन (COP-21) के दौरान भारत और फ्रांस द्वारा संयुक्त रूप से की गई थी, ताकि सौर ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा सके।
• कथन 2 गलत है: शुरुआत में ISA का उद्देश्य
उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के देशों तक सीमित था (23.5°N से 23.5°S अक्षांश के बीच), लेकिन बाद में इसे सभी देशों के लिए खोल दिया गया, चाहे वे किसी भी अक्षांश पर स्थित हों।
कथन 3 सही है: ISA का मुख्यालय गुड़गांव (हरियाणा), भारत में स्थित है। यह भारत में स्थित पहला अंतर्राष्ट्रीय अंतर-सरकारी संगठन है।




Result Mitra




Result Mitra




Result Mitra


Result Mitra
Thank you